
**सोमवार**
29 जुलाई 2024



पृष्ठ 4
इन फलों के खाने के बाद ना पीएं...



पृष्ठ 5
रिवीलिंग लहंगे में राशि खन्ना ने...



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 174
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

**आज का विचार**

सच्चाई से जिसका मन भरा है, वह विद्वान न होने पर भी बहुत देश सेवा कर सकता है।
– पं. मोतीलाल नेहरू

# मुश्किल में आपदा प्रभावित, नेताओं पर फूटा गुस्सा

## ●गंगोत्री में बादल फटने से कई भवन खतरे में



❑भूस्खलन से केदारनाथ मार्ग पर फंसे यात्री
❑बागेश्वर में भी भारी बारिश से बड़ा नुकसान

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में मानसूनी आपदा से गांव के गांव उजड़ गए हैं, बेघर लोग अपने परिवार के भविष्य को लेकर चिंतित है वही सरकारी मशीनरी और सरकार से मिलने वाली सहायता को लेकर भी लोगों में भारी आक्रोश है। आपदा प्रभावितों का हाल जानने वाले नेताओं को अब उनके गुस्से का शिकार होना पड़ रहा है आपदा प्रवाहितो के विस्थापन की व्यवस्था पर इन नेताओं के पास कोई ठोस जवाब नहीं है। उधर अभी भी पूरे राज्य में कहीं सामान्य तो कहीं भारी बारिश होने से लोग भयभीत हैं।

टिहरी के तोली और तिनगढ़ गांव में भारी बारिश से तबाही के कारण लोगों को अपना घर-बार छोड़ने पर विवश होना पड़ा है। तिनगढ़ के 55 परिवार स्थानीय स्कूल में ठहराए गए हैं लेकिन सवाल यह है कि सरकार इनके विस्थापन के लिए कोई स्थाई तो क्या अस्थाई व्यवस्था भी कहीं नहीं कर पा रही है। मंत्री और नेताओं का इनके हाल-चाल जानने के लिए यहां आना-जाना तो हो रहा है लेकिन इससे उनकी किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। नेता भी उन्हें आश्वासन देने के सिवाय कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

उधर अभी राज्य में झमाझम बारिश का दौर जारी है। रुद्रप्रयाग के ढोलिया देवी के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है तथा मार्ग पर दोनों और बड़ी संख्या में यात्री फंसे हुए हैं। उधर कोटद्वार में पनियाली नाले के उफान पर आने से कौड़िया बस्ती के कई घरों में पानी और मलवा घुस गया है बागेश्वर में हो रही भारी बारिश के कारण खड़िया खनन खान में पानी भर गया है तथा मंदिर बह गया है। बागेश्वर में अब तक 100 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कपकोट तहसील के चचई गांव में 6 घर भूस्खलन की जद में आ गए हैं जिन्हें खाली करा लिया गया है। गांव के ऊपर बनाए जा रहे मोटर मार्ग के कारण इन घरों पर संकट बना हुआ है।

उधर गंगोत्री में ग्लेशियर टूटने से गंगा में आए भारी पानी के कारण शिवानंद आश्रम और शारदा कुटीर के बह जाने की खबर है। यही नहीं यहां लंगर भवन और मंदिर समिति का गेस्ट हाउस भी खतरे की जद में आ गया है तथा तमाम घाटों को भारी नुकसान हुआ है। राज्य में हो रही भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी सभी जिलाधिकारियों तथा एनडीआरएफ व एसडीआरएफ को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

# रिलायंस ज्वैलरी शौरुम में 20 करोड की डकैती में आठ माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली

❑न तो मास्टर माइंड मिला और न ही जेवरात

संवाददाता

देहरादून। रिलायंस ज्वैलरी शौरूम में बीस करोड की डकैती मामले में पुलिस के हाथ आठ माह बाद भी खाली हैं। कुछ लोगों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अपनी पीठ थपथपाने लगी, लेकिन पुलिस अभी तक न तो इस डकैती के मास्टर माइंड को और न ही जेवरातों को बरामद करने में सफल रही है।

उल्लेखनीय है बीते नौ नवम्बर को राज्य सरकार स्थापना दिवस की तैयारी में थी। करीब साढे दस बजे राजपुर रोड पर सचिवालय के ठीक सामने स्थित रिलायंस ज्वैलरी शौरूम के कर्मचारी अभी शोरूम में पहुंचे ही थे कि तभी दो लोग वहां पर ग्राहक बनकर आये। जिसके बाद उनके तीन अन्य साथी भी वहां पर पहुंचे और उन्होंने हथियारों के नोक पर सभी कर्मचारियों को एक कमरे में बंधक बनाकर वहां से लगभग बीस करोड रूपये के जेवरात लूटकर वहां से फरार हो गये। दिनदहाडे हुई डकैती की घटना से पुलिस विभाग में हडकम्प मच गया था तथा जनता में सनसनी फैल गयी थी कि इतने व्यस्तम राजपुर रोड पर बदमाशों ने दिन दहाडे डकैती की घटना को अंजाम दे दिया। एसएसपी अजय सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए पुलिस की टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने शहर के बाहर जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे तथा प्रेमनगर से नीचे ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

## 'शिव भक्ति के साथ-साथ आत्मानुशासन भी जरूरी'

लखनऊ। कांवड़ यात्रा के दौरान कुछ जगहों से मामूली बात पर गुस्सा भड़कने और तोड़फोड़-मारपीट की खबरें आई हैं। इस बीच सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रियों से अपील की। उन्होंने कहा कि शिव भक्ति के साथ आत्म अनुशासन भी जरूरी है। सीएम ने कहा कि सुगम और सुरक्षित कांवड़ यात्रा के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा राज्य में उचित व्यवस्था की गई है ताकि किसी को भी कोई समस्या न हो। कोई भी पूजा आत्म-अनुशासन के बिना संभव नहीं है। एक बयान में सीएम योगी ने कहा, 'श्रावण मास प्रारंभ हो चुका है। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा जगविख्यात है। पूरे देश में और खास तौर पर उत्तर भारत में इस दौरान शिव भक्त महादेव के अनुष्ठान में लीन होकर सभी शिवालयों में जलाभिषेक के साथ अपनी असीम भक्ति का प्रदर्शन करते हैं। सीएम ने कहा, 'मैं सभी श्रद्धालुजनों से विनम्र अनुरोध करूंगा कि हम लोग भी शिव भक्त हैं। महादेव की असीम कृपा हमेशा बनी रही है और महादेव से यही प्रार्थना करते हैं कि उनकी कृपा हमेशा बनी रहे। शिव बनने के लिए शिव जैसी साधना भी चाहिए। उस प्रकार का आत्मानुशासन भी चाहिए।



## 3 छात्रों की मौत के बाद दिल्ली नगर निगम ने 13 कोचिंग सेंटर किए सील



नई दिल्ली। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित एक प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने और इसमें फंसने से तीन छात्रों की मौत हो गई। घटना के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने नियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। दिल्ली सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि नगर निगम की एक टीम रविवार को ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में अवैध रूप से संचालित कई कोचिंग सेंटर के बेसमेंट को सील करने पहुंची। रविवार देर रात तक जारी कार्रवाई के दौरान करीब 13 कोचिंग सेंटर सील किए गए। दिल्ली सरकार की ओर से जारी बयान में कहा है कि ये कोचिंग सेंटर नियमों का उल्लंघन कर बेसमेंट में संचालित हो रहे थे और उन्हें मौके पर ही सील कर दिया गया। इन संस्थानों के गेट पर नोटिस भी चस्पा कर दिया गया है।

एमसीडी के अफसरों के मुताबिक, संस्थान के मालिक की ओर से सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने में घोर आपराधिक लापरवाही पाई गई है, क्योंकि बेसमेंट में स्थित पुस्तकालय अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था और इसमें केवल एक ही प्रवेश और निकास द्वार था जो बायोमेट्रिक आधारित था और पानी के कारण बंद हो गया था। वहीं इससे पहले दिल्ली फायर सर्विस के डायरेक्टर अतुल गर्ग ने हादसे को लेकर कोचिंग सेंटर में लगे लोहे के गेट को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा कि यह गेट सड़क पर बहने वाले पानी को रोकने के लिए लगा था। सड़क से गुजर रहे एक ट्रक के दबाव की वजह से यह गेट टूट गया और सड़क पार बहता हुआ सारा पानी बेसमेंट में गिरने लगा।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# मानसूनी आपदा का कहर

हर साल मानसून आता है और देश के कुछ हिस्सों में बर्बादी के ऐसे निशान अपने पीछे छोड़ जाता है जिनकी भरपाई करने में कुछ लोगों की पूरी उम्र निकल जाती है तो कुछ को कई-कई सालों का समय लग जाता है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का कोई वश नहीं चलता है। फिर भी सतर्कता, जागरूकता और निरंतर बचाव के लिए किए जाने वाले प्रयासों से इस नुकसान को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। लेकिन मुश्किल यह है कि हम किसी भी आपदा से कोई सबक लेने को तैयार नहीं होते हैं। 2013 में केदारनाथ में आई आपदा जिसमें कितने लोगों की जान गई इस बात का कोई पता आज तक नहीं चल सका है हमने क्या कुछ सबक लिया? शायद कुछ भी नहीं। बस हम केदारपुरी के पुनर्निर्माण में जुट गए और वहां अब पहले से भी बेहतर सुख सुविधाएं जुटाने को ही अपनी कामयाबी माने बैठे है। वहां जो भी निर्माण कार्य और अन्य जो सुख सुविधाएं उपलब्ध हो रही है या हो सकती है उनकी कोशिशें जारी है। हेलीकॉप्टर उड़ान भर रहे हैं, पहाड़ों को तोड़कर नए-नए रास्ते खोजे जा रहे हैं और रोपवे बनाने से लेकर अन्य तमाम तरह के काम किये जा रहे हैं। यह केदार नाथ ही नहीं और भी तमाम धामों तथा पूरे पहाड़ पर हो रहा है। बिना इस बात की परवाह किए हुए कि इसके दूरगामी परिणाम क्या होंगे। बीते साल हमने पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में मानसूनी तबाही की जो भयंकर तस्वीरें देखी थी वैसी तस्वीरें देखने के हम अब आदी होते जा रहे हैं। पहाड़ों पर क्या हो रहा है हमें इससे कोई सरोकार नहीं रहा है। हम बस वह सब करते जा रहे हैं जो भी करना चाहते हैं। धामों में या पहाड़ों पर लाखों-लाख लोग पहुंचे, हर साल नए कीर्तिमान बने। हर साल कमाई में इजाफा हो बस इससे आगे हमें कुछ नहीं सोचना? बीते साल जोशीमठ में क्या हुआ था आज उससे कोई मतलब नहीं है। कल तक हमें टिहरी के तिनगढ़ गांव में क्या हुआ इससे भी कोई सरोकार नहीं होगा और न इससे कोई मतलब होगा कि बूढ़ाकेदार में क्या हुआ? अभी जख्म ताजा है तो मंत्री और अधिकारी भी भाग दौड़ करते दिखाई दे रहे हैं। लेकिन यह सब तब तक ही हो रहा है जब तक बारिश का दौर जारी है। पहाड़ पर आने वाले लोग लाखों टन कचरा फेंक कर चले जाते हैं कहां कितनी कृत्रिम झीले बन रही हैं और ग्लेशियर पिघलने से क्या हो रहा है क्यों तापमान में इतनी वृद्धि हो रही है फिलहाल इन मुद्दों पर सोचने की भी क्या जरूरत है। हर साल मानसून काल में दर्जनों पुल व पुलिया टूट जाते हैं। सैकड़ो सड़कों का नामोनिशान मिट जाता है तथा पहाड़ों से पत्थरों का गिरना जारी रहता है। जिनकी मरम्मत तक का काम अगले मानसून सीजन तक कर पाना संभव नहीं हो पाता है। गांव के विस्थापन या शहरों के विस्थापन की बात तो बहुत बड़ी बात है। कोटद्वार के मालन नदी पर बना जो पुल बीते साल टूटा था शायद अगले साल तो छोड़ ही दीजिए उससे भी अगले साल तक बन सकेगा इसकी कोई संभावना नहीं है। हां हम पहाड़ों पर बहुत जल्द रेल दौड़ने जरूर जा रहे हैं और इस काम में अगर दो-चार गांव भी उजड़ जाए तो क्या फर्क पड़ता है। जल प्रबंधन के लिए देश में नदियों को जोड़ने की योजना पर कई सालों से चर्चा हो रही है मगर बिहार डूबे या असम, उत्तर प्रदेश डूबे या राजस्थान यह काम दो कदम भी आगे नहीं बढ़ सका है। देश को हर मानसून काल में बड़े पैमाने पर जान माल की क्षति होती है मगर इसे कम किये जाने पर कहीं कोई काम न हुआ है न आगे होता दिख रहा है। देश की राजधानी दिल्ली से लेकर पूरे देश में मानसूनी आपदा का कहर जारी है मगर हम इसे दशकों से मूकदर्शक बनकर देखते आ रहे हैं।



## धूमधाम से मनाई गई दक्ष प्रजापति जी की जयंती

देहरादून (कासं)। भगवान ब्रह्मा जी के मानस पुत्र धरती के प्रथम राजा शिवजी के ससुर दक्ष प्रजापति की जयंती श्री शिव पार्वती कुमार पंचायती मंदिर कुमार मंडी में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रजापति समाज ने अपने भागीदारी दिखाई। संस्था के द्वारा सुबह महायज्ञ हुआ, सबका संबोधन एवं दिन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें शामिल रहे प्रजापति सामाजिक संस्था के अध्यक्ष भाई राज कुमार दक्ष, सचिव सुमित प्रजापति, भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गनाइजेशन हरिद्वार से संदीप सिंघानिया देहरादून जिला अध्यक्ष भाई विनय प्रजापति द्वारा दीप प्रज्वलित कर सभा का विधिवत उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात महिला मंडली भजन कीर्तनों द्वारा प्रभु के गुणगान हुए तत्पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सभा में श्री महाकाल सेवा समिति से रोशन राणा, गौरव जैन, भाई आयुष जैन, संत कृपाल जी, विभूनाथ जी, प्रचार मंत्री संदीप, विशेष सेवा सुमित प्रजापति, मोना, विनय कश्यप, प्रियांशु, मयूर, नमन प्रजापति समस्त प्रजापति समाज उपस्तिथि रहे।

# सनातन धर्म पर किए प्रपंच की पोल खुलने से भाजपा बेचैनः धस्माना

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि सनातन धर्म पर किए प्रपंच की पोल खुलने से भाजपा पदाधिकारी बैचेन हो गये हैं।




आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा के नेतृत्व में पिछले पांच दिनों से चल रही श्री केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा को मिल रहे भरी जन समर्थन से भारतीय जनता पार्टी में भारी बौखलाहट व बेचौनी है जिसके कारण सरकार के मुखिया पुष्कर सिंह धामी उनके मंत्री व पार्टी के पदाधिकारी अब यात्रा के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा की बौखलाहट का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसके नेता अब बजाय इस बात का जवाब दें कि उनके समर्थकों ने जो दिल्ली में छद्म केदारनाथ धाम बनाने का काम किया उसके नाम पर जारी क्यू आर कोड से आज भी चंदा उगाही क्यों बंद नहीं की गई और उसका नाम बदलने का विधिवत निर्णय अभी तक क्यों नहीं किया गया। वे उल्टा कांग्रेस पर श्री केदारनाथ धाम पर राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं और वर्ष 2013 की आपदा के बहाने अनर्गल आरोप लगा रहे हैं जबकि 2013 की आपदा के समय जो मुख्यमंत्री थे वे अब भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और उनके सुपुत्र भाजपा सरकार में धामी के साथ कैबिनेट मंत्री हैं।

धस्माना ने कहा कि कांग्रेस की पदयात्रा पूरी तरह से श्री केदारनाथ धाम की प्रतिष्ठा जो भाजपा व भाजपा सरकार द्वारा धूमिल की गई है उसकी रक्षा के लिए की जा रही है और हम पूरी दुनिया को बताना चाहते हैं कि उत्तराखंड में पांच केदार हैं और छठा केदार नहीं हो सकता और ना ही कोई नया केदार धाम बनाया जा सकता है और इसी बात की तकलीफ भाजपा को है क्यूं वे चंदा एकत्रित करने के लिए उत्तराहंद के चारों धामों के प्रतिरूप बनाना चाहते थे जो योजना कांग्रेस की यात्रा से फ्लॉप हो गई। धस्माना ने कहा कि आज जब राज्य के प्रत्येक जिले में आपदा आई हुई है ऐसे में जिला प्रभारी मंत्रियों को अपने अपने प्रभार वाले जिले में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए लोगों के बीच होना चाहिए था लेकिन अधिकांश मंत्री दिल्ली में बड़ी कुर्सी की जुगत बिठाने में लगा है और जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। धस्माना ने कहा कि चार धाम यात्रा रूट पूरी तरह से क्षति ग्रस्त है, चमोली जिले में जोशीमठ से लेकर बद्रीनाथ तक सड़क अनेक स्थानों से गायब है। केदारनाथ रूट पर गौरीकुंड के पास दो सौ मीटर से अधिक सड़क गायब होगी।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार यमुनोत्री में खरसाली से ले कर बड़कोट तक सड़क बुरी तरह क्षति ग्रस्त है लेकिन आपदा प्रबंधन विभाग लापता है। धस्माना ने कहा कि मुख्यमंत्री को तत्काल आदेश जारी कर अपने सभी मंत्रियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भेजने के आदेश जारी करने चाहिए।

# कांग्रेस ने दिया त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के आन्दोलन को समर्थन

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस ने धरनारत त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के आन्दोलन को अपना समर्थन दिया। आज यहां उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरनारत त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के आन्दोलन का अपना समर्थन दिया है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि प्रदेश प्रधान संगठन के अध्यक्ष को लिखे समर्थन पत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायतें भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं तथा कांग्रेस पार्टी पंचायतों की मजबूती एवं पंचायतों को अधिकार सम्पन्न बनाये जाने की सदैव हिमायती रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने के लिए स्व. राजीव गांधी द्वारा अपने प्रधानमंत्रित्व काल में संविधान में 73वें एवं 74वें संशोधन के माध्यम से पंचायतों को और अधिक अधिकार देकर प्रभुता सम्पन्न बनाने का कार्य किया गया।

करन माहरा ने पंचायत संगठन की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि विगत दो वर्ष के कोरोना काल में पंचायतों द्वारा लोगों की जान माल की सुरक्षा के साथ ही प्रवासी बन्धुओं को आवश्यक सहायता पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कारोना के कारण अवरूद्ध हुए पंचायतों के विकास कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए भी पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष के लिए बढ़ाया जाना नितांत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की न्यायोचित मांगों को लेकर चलाये जा रहे आन्दोलन का पूर्ण समर्थन करती है तथा उत्तराखण्ड सरकार से अपेक्षा करती है कि पंचायत प्रतिनिधियों की मांगों पर गम्भीरता से विचार करते हुए जनहित में शीघ्र उचित निर्णय लेगी।

# ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम का शुभारम्भ

संवाददाता

देहरादून। ग्राम पंचायत होरावाला में तीन माह तक चलने वाले ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम का शुभराम्भ किया गया।



आज ग्राम पंचायत होरावाला मे ग्रामीण उद्यमिता जागरुकता विकास योजना कार्यक्रम के तहत तीन माह तक चलने वाले ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तहत सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान के 45 छात्र छात्राएं जो देहरादून स्थित कृषि प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान मे प्रशिक्षण हेतु आये है तथा संस्थान द्वारा छात्रों को तीन माह हेतु ग्राम पंचायत होरावाला के किसानो के साथ मिलकर उनकी कृषि संबंधित समस्याओं का अध्यन करना तथा ग्रामीण कृषि उद्यम के दो मॉडल (मशरूम उत्पादन तथा केंचुवा खाद इकाई) भी आईएटीआर विशेषज्ञों के मार्ग दर्शन मे तैयार करने तथा किसानों को भी उसका प्रशिक्षण देने हेतु संबध किया गया है।

कार्यक्रम के बारे मे बताते हुए आईएटीआर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित उपाध्याय ने कहा की इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों को किसानी और किसानों को करीब से समझने का मौका मिलता है और वो खेती मे आने वाली समस्याओं से भी रुबरु होते है और आने वाले भविष्य मे वो इन समस्याओं का समाधान करने हेतु प्रेरित होंगे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुप्रिया रावत कार्यक्रम समन्वयक अनूप रावत, नवीन नौटियाल ( मशरूम विशेषज्ञ) प्रेम भगत ( कंपोस्ट विशेषज्ञ) होरावाला के किसान तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर छुआ 1100 करोड़ का आंकड़ा

साउथ सुपरस्टार प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर चार हफ्तों में 11०० करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. फिल्म ने 28वें दिन 11०० करोड़ रुपये के आंकड़े को छुआ है. इसी के साथ कल्कि 2898 एडी वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर इंडियन सिनेमा की छठी सबसे ज्यादा और साउथ सिनेमा की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. कल्कि 2898 एडी शाहरुख खान की पठान का घरेलू और वर्ल्डवाइड कमाी का रिकॉर्ड पहले ही तोड़ चुकी है और अब इसकी नजर जवान के घरेलू और वर्ल्डवाइड कमाई के रिकॉर्ड पर है. वहीं, कल्कि 2898 एडी अपने पांचवें हफ्ते में एंटर कर चुकी है और अभी भी करोड़ों की फिगर में कमाई कर रही हैं. बता दें, कल्कि 2898 एडी बीती 27 जून को वर्ल्डवाइड रिलीज हुई थी.

कल्कि 2898 एडी के मेकर्स ने आज 25 जून को फिल्म की चार हफ्तों की कमाई का ब्योरा दिया है. फिल्म कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर पूरे 11०० करोड़ रुपये कमा लिए हैं. सैकनिल्क के अनुसार कल्कि ने 28वें दिन 1.6० करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. इसी के साथ उनकी घरेलू कलेक्शन 622.1० करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 11०० करोड़ रुपये हो चुका है. वहीं, कल्कि 2898 एडी अब जवान के घरेलू कलेक्शन 64० करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1148 करोड़ रुपये को बीट करने के नजदीक है.

वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 11०० करोड़ रुपये की कमाई कर कल्कि 2898 एडी इंडियन सिनेमा की छठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है.

बाहुबली 2 (181०.59 करोड़ रुपये) के बाद कल्कि 2898 एडी प्रभास की दूसरी फिल्म बनी है, जिसने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1००० करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

## रक्षित अटलूरी की फिल्म ऑपरेशन रावण की दमदार पोस्टर के साथ रिलीज डेट की घोषणा

आगामी फिल्म ऑपरेशन रावण में रक्षित अतलुरी और राधिका सरथ कुमार मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण ध्यान अतलुरी ने नए जमाने की सस्पेंस थ्रिलर के रूप में किया है और इसका निर्देशन वेंकट सत्या ने किया है। संगीर्थना विपिन नायिका की भूमिका निभा रही हैं।

यह फिल्म एक द्विभाषी साइको थ्रिलर है। निर्माताओं ने आज घोषणा की है कि फिल्म ऑपरेशन रावण, जिसने अपने सभी कार्यक्रम पूरे कर लिए हैं, 2 अगस्त को तेलुगु और तमिल में दुनिया भर में भव्य रूप से रिलीज़ होगी।

ऑपरेशन रावण की रिलीज डेट की घोषणा के दौरान जारी किए गए पोस्टर का शीर्षक था ए साइको स्टोरी। हीरो रक्षित अतलुरी के साथ एक्शन सीक्वेंस वाला यह पोस्टर दिलचस्पी जगा रहा है। राधिका सरथ कुमार, चरण राज और तमिल अभिनेता विद्या सागर फिल्म ऑपरेशन रावण में अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभा रहे हैं। फिल्म की टीम इसकी सफलता को लेकर आश्वस्त है।

## डॉक्यूमेंट्री मॉडर्न मास्टर्स : एस.एस. राजामौली का ट्रेलर जारी

इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज डायरेक्टर एस.एस राजामौली की बायोपिक डॉक्यूमेंट्री मॉडर्न मास्टर्स एस.एस राजामौली का ट्रेलर रिलीज हो चुका है. मॉडर्न मास्टर्स एस.एस राजामौली की हाल ही में रिलीज डेट का एलान हुआ था. मॉडर्न मास्टर्स एस.एस राजामौली आगामी 2 अगस्त को डिजिटल पर्दे के टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने जा रही है. एस.एस राजामौली ने पिछली बार फिल्म आरआरआर बनाई थी. इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1००० करोड़ रुपये से ज्यादा नोट छापे थे और इस फिल्म के सुपरहिट सॉन्ग नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर मिला था.

बता दें, मॉडर्न मास्टर्स एस.एस राजामौली का ट्रेलर नेटफ्लिक्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर भी शेयर किया है. ट्रेलर में राजामौली ने ऑस्कर विनिंग फिल्म आरआरआर, बाहुबली और बाहुबली 2 को कैसे बनाया है, इसकी झलक दिख रही है. वहीं, साउथ सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर, राम चरण, प्रभास, करण जौहर और हॉलीवुड की हिट डायरेक्टर जेम्स कैमरून (टाइटैनिक और अवतार) पूरे ट्रेलर में फिल्म निर्देशक की तारीफ के पुल बांध रहे हैं.

एक जगह पर जूनियर एनटीआर अपनी फिल्म आरआरआर के डायरेक्टर के लिए कहते दिख रहे हैं कि यह इंसान सिर्फ फिल्म बनाने के लिए पैदा हुए हैं, यह ऐसी कहानी दिखा और सुना रहे हैं जो कभी देखने और सुनने को नहीं मिली है. वहीं, प्रभास कहते हैं उनका काम देख कभी-कभी मैं शॉक्ड हो जाता हूं. वहीं, राम चरण ने कहा, जब भी मैं उनकी फिल्म देखता हूं तो खुद को थर्ड पर्सन की भूमिका में पाता हूं. ट्रेलर राजामौली के उनके फिल्म मेकिंग के प्रति समर्पण को दर्शा रहा है. ट्रेलर के अंत में राजामौली कहते हैं कि जिस चीज का मैं गुलाम हूं वो सिर्फ मेरी कहानी है. बता दें, अपलोज एंटरटेनमेंट और फिल्म कंपेनियन स्टूडियोज ने मिलकर राजामौली की बायोग्राफिकल डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया है. मॉडर्न मास्टर्स एस.एस राजामौली के डायरेक्टर राघव खन्ना हैं.

# सिट अप्स एक्सरसाइज से जुड़ी ये गलतियां बन सकती हैं शारीरिक समस्याओं का कारण



सिट अप्स एक ऐसी एक्सरसाइज है, जिसे रोजाना करके आप फिट एंड फाइन रह सकते हैं। हालांकि, बहुत से लोग इसे करते समय अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिससे उन्हें इसका फायदा नहीं मिल पाता और चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है। चलिए आज इस लेख में हम आपको बताते हैं कि आसान सी दिखने वाली इस एक्सरसाइज को करते समय किन-किन गलतियों से बचना चाहिए।

गर्दन को उठाना और जकड़ना है गलत

सिट अप्स करते समय गर्दन को उठाना और जकड़ना सबसे बड़ी गलती है। दरअसल, अगर आप सिट अप्स के दौरान अपनी गर्दन को ऊपर की तरफ उठाते हैं या जकड़े रखते हैं तो इससे आपकी गर्दन पर दबाव पड़ता है और आपको गर्दन में दर्द या अकड़न की समस्या हो सकती है। इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि हमेशा सिट अप्स करते वक्त आपका चेहरा सामने की तरफ और गर्दन सामान्य रखी हुई होनी चाहिए।

सिट अप्स करते समय की जाने वाली यह गलती भी चोट का कराण बन सकती है। दरअसल, अधिकतर लोग सिट अप्स जल्दी खत्म करने के चक्कर में तेजी से ऊपर उठते है, फिर तेजी से नीचे जाते हैं। हालांकि, आपको वास्तव में ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे भी चोट लगने की संभावना बनी रहती है। इसलिए आप धीरे-धीरे आगे बढ़ें ताकि वास्तव में आपकी मांसपेशियां इसे महसूस कर सकें और प्रत्येक सिट-अप से आपको अधिकतम लाभ मिल सके।

अगर आप यह चाहते हैं कि सिट अप्स का आपके शरीर पर सकारात्मक असर पड़े तो इसके लिए जरूरी है कि आप एक्सरसाइज के दौरान अपने शरीर को नियंत्रित रखें। कई बार एक्सरसाइज करते समय ऐसा होता है कि हमारे शरीर पर हमारा नियंत्रण नहीं रहता। ऐसा अधिक वजन की वजह से भी हो सकता है। हालांकि, आप सिट अप्स करते समय अपने शरीर पर नियंत्रण रखें क्योंकि ऐसा न होने के कारण चोट लगने का डर बना रहता है। कई लोग यह मानते हैं कि वे जितनी देर तक एक्सरसाइज करेंगे, उन्हें इससे उतना ज्यादा फायदा मिलेगा। हालांकि, इस तरह से एक्सरसाइज करने वाले लोगों को बता दें कि इससे उन्हें फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो सकता है। दरअसल, सिट अप्स के दौरान आपको समय की बजाय सांस पर ध्यान देना चाहिए। पहले एक्सरसाइज पोजीशन में गहरी सांस भरें, फिर मुंह से सांस छोड़ें। इसी के साथ एक्सरसाइज को ज्यादा से ज्यादा 15-2० मिनट तक करें।

# खाना खाने के बाद भूलकर भी न करें ये काम

कई बार थकावट इतनी बढ़ जाती है कि बिस्तर दिखते ही सो जाने का मन करता है। लेकिन खाना-खाने के बाद कई ऐसी आदतें हैं जिनसे बचना सेहत के लिये संजीवनी की तरह है। खाने के बाद चाय-सिगरेट आदि का सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिये।

यहां हम आपको ऐसी आदतें बता रहे हैं जिन्हें खाने के ठीक बाद करना खतरनाक साबित हो सकता है। अगर आप भी कुछ ऐसा करते हैं तो अच्छी सेहत के लिए अब इन्हें करना छोड़ दें।

खाने को पचने में कुछ वक्त लगता है। ऐसे में कोशिश करनी चाहिए कि खाने के तुरंत बाद सोएं नहीं। इससे गैस और आंतों में संक्रमण होने की आशंका बढ़ जाती है।

सिगरेट पीना अपने आप में एक बुरी लत है, जिससे हार्ट और सांस संबंधी कई तरह की बीमारियां घर कर जाती हैं। एक्सपर्ट्स की मानें तो खाने के ठीक बाद स्मोक करना दस गुना खतरनाक हो सकता है। साथ ही इससे कैंसर का खतरा भी काफी बढ़ जाता है।

नहाने के दौरान हाथ और पैर सक्रिय अवस्था में होते हैं जिससे इन अंगों का रक्त संचार काफी बढ़ जाता है। इन अंगों में रक्त संचार बढ़ने से पेट में रुधिर प्रवाह पर असर पड़ता है और पाचन क्रिया प्रभावित होती है।

अगर आप खाने के साथ ही फल खाते हैं तो फल पेट में ही चिपक जाते हैं और सही तरीके से आंतों तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में उनसे मिलने वाला पोषण अधूरा ही रह जाता है। इसी आधार पर कहा जाता है कि खाने के करीब एक घंटे बाद फलों का सेवन करना चाहिए। सुबह खाली पेट फल खाना सबसे अच्छा है।

चाय की पत्तियों में उच्च अम्लीयता होती है। इससे प्रोटीन के पाचन पर असर पड़ता और वो आसानी से नहीं पच पाता है। ऐसे में कोशिश करनी चाहिए कि खाने के एक से दो घंटे बाद ही चाय पिएं।

# शिमला मिर्च खाने से क्या होते हैं फायदे जानिए इसके बारे में



शिमला मिर्च का सेवन करना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है यह बहुत सारे विटामिंस और मिनरल्स से भरपूर होती है जो हमे कई प्रकार के रोगो से छुटकारा दिलाने मे मदद करती है। यह विटामिन ए, बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, आयरन, एंटीऑक्सिडेंट और कैरोटीनॉयड से भरपूर होती है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक और फायदेमंद तत्व होते है।

शिमला मिर्च में बहुत कम मात्रा में कैलोरी पाई जाती है। जो वजन घटाने मे मदद करती है रोजाना इसका सेवन करने से शरीर की फालतू चर्बी को कम करने मे मदद मिलती है जिससे आसानी से वजन घटाया जा सकता है। अगर आप डायबिटीज की समस्या से परेशान है तो आपको शिमला मिर्च का सेवन जरूर करना चाहिए।

शिमला मिर्च विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है इसलिए इसका नियमित सेवन करने से आंखों की रोशनी बढ़ती है यह आँखो की कमजोरी को दूर करने मे भी सहायक होती है इसमे विटामिन ए होता है जो आँखो को मोतियाबिंद होने के खतरे से बचाता है। शिमला मिर्च विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और आयरन से समृद्ध होती है अगर आप रोजाना नियमित रूप से इसका सेवन करते है तो इससे शरीर मे खून की कमी नही होती जिससे एनीमिया रोग का खतरा कम हो जाता है इसके साथ ही यह रक्त संचालन को भी बेहतर बनाती है जिससे पूरे शरीर मे ऑक्सीजन का बैलेंस सही बना रहता है। यह एन्टिऑक्सिडेंट से भरपूर होती है जिससे हमारा इम्युनिटी सिस्टम मजबूत होता है अगर आपको सर्दी-जुकाम, तनाव, और कमजोरी को दूर करने मे मदद मिलती है।

# बॉक्स ऑफिस पर अंतिम सांसें गिन रही सरफिरा, इंडियन 2 की भी हालत खराब

अक्षय कुमार स्टारर सरफिरा और कमल हासन की इंडियन 2 12 जुलाई को बॉक्स ऑफिस पर भिड़ीं थी. दोनों फिल्मों का रिलीज से पहले काफी बज था लेकिन सिनेमाघरों में दस्तक देन के बाद सरफिरा तो पहले ही दिन फुस्स हो गई. वहीं इंडियन 2 की शुरुआत तो अच्छी हुई लेकिन फिर इसके बाद ये बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म नही कर पाई. दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर मुट्ठीभर कमाई के लिए तरस रही हैं खासतौर पर सरफिरा का हाल बेहद बुरा है.

अक्षय कुमार की सरफिरा से काफी उम्मीदें थीं. फिल्म के ट्रेलर को मिले रिस्पॉन्स के बाद ऐसा लग रहा था कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करेगी. हालांकि हुआ इसका उल्टा सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद सरफिरा को दर्शकों से काफी ठंडा रिस्पॉन्स मिला. हालांकि ओपनिंग वीकेंड पर फिल्म की कमाई में थोड़ी तेजी भी आई लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ क्योंकि वीकडेज में फिर सरफिरा के बिजनेस को तगड़ा झटका लगा. फिल्म को रिलीज हुए 2 हफ्ते से अधिक हो चुके हैं. सरफिरा की कमाई की बात करें तो फिल्म ने पहले हफ्ते में 18.75 करोड़ की कमाई की. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में है जहां इसने सेकंड फ्राइडे 40 लाख की कमाई की. वहीं दूसरे शनिवार फिल्म ने 85 लाख, दूसरे रविवार 1.2 करोड़ और दूसरे सोमवार 22 लाख का बिजनेस किया. वहीं अब सरफिरा की रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

कमल हासन की 1996 में आई इंडियन ब्लॉकबस्टर रही थी. हालांकि इस फिल्म की सीक्वल इंडियन 2 बॉक्स ऑफिस वो जादू नहीं चला पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी. फिल्म रिलीज के बाद से टिकट काउंटर पर बेहद खराब परफॉर्म कर रही है. दरअसल फिल्म को रिलीज होने के बाद मिले निगेटिव रिव्यू ने इसका बंटाधार कर दिया और कमल हासन स्टारर ये फिल्म कमाई के मामले में पिछड़ गई. हालात ये हैं कि इंडियन 2 बॉक्स ऑफिस पर मुट्ठीभर कमाई के लिए जमकर पसीना बहा रही है.

इंडियन 2 के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में 70.4 करोड़ की कमाई की थी. वहीं दूसरे हफ्ते के सेकंड फ्राइडे 1.3 करोड़, दूसरे शनिवार फिल्म ने 1.88 करोड़, दूसरे रविवार 2.07 करोड़ और दूसरे सोमवार को 1.3 करोड़ की कमआई की. वहीं अब फिल्म की रिलीज के दूसरे मंगलवार यानी 12वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन 2 ने रिलीज के 12वें दिन 1.11 करोड़ का कलेक्श किया है. इसी के साथ इंडियन 2 की 12दिनों की कुल कमाई अब 78.06 करोड़ रुपये हो गई है.

सरफिरा और इंडियन 2 की बॉक्स ऑफिस पर हालत बेहद खराब है. खासतौर पर सरफिरा अब टिकट काउंटर पर अंतिम सांसें गिन रही है. वहीं इंडियन 2 भी कछुए की रफ्तार से आगे बढ़ रही है. जहां इन दोनों फिल्मों को पहले प्रभास की कल्कि 2898 एडी से कड़ी टक्कर मिल रही थी तो वहीं अब विक्की कौशल स्टारर बैड न्यूज ने भी इनकी कमाई पर ब्रेक लगा दिया है. इस हाल में सरफिरा और इंडियन 2 के लिए आधा बजट निकालना नामुकिन लग रहा है. सरफिरा का तो जल्द ही बॉक्स ऑफिस से पत्ता साफ होता नजर आ रहा है.

# अश्विन बाबू की फिल्म शिवम भजे 1 अगस्त को सिनेमाघरों देगी दस्तक

एक्शन से भरपूर गर्मी के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि अश्विन बाबू की आने वाली फिल्म शिवम भजे 1 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आने वाली है। हाल ही में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित हिडिम्बा में अभिनय करने वाले अभिनेता इस एक्शन ड्रामा में पहले कभी न देखे गए अवतार से दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं।

फिल्म के प्रोमो में अश्विन के गहन परिवर्तन की झलकियाँ पहले से ही दिखाई जा चुकी हैं, जिससे प्रशंसक और अधिक देखने के लिए उत्सुक हैं। उनके साथ, फिल्म में प्रमुख महिला के रूप में दिगंगना सूर्यवंशी हैं, जिसमें लोकप्रिय कॉमेडियन हाइपर आदी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस फ़िल्म में बॉलीवुड स्टार अरबाज खान मुख्य खलनायक की भूमिका में नज़र आएंगे, जो तेलुगु सिनेमा में उनकी पहली फ़िल्म होगी।

शिवम भजे गंगा एंटरटेनमेंट्स द्वारा निर्मित है और इसका निर्देशन विकास बडीसा ने किया है। फ़िल्म में तकनीकी विशेषज्ञता है और सिनेमैटोग्राफी का काम छोटा के प्रसाद ने किया है। निर्माताओं ने आने वाले दिनों में फ़िल्म के बारे में और जानकारी देने का वादा किया है, जिससे प्रशंसक फ़िल्म देखने के लिए बेताब रहेंगे। स्टार-स्टडेड कास्ट, दिलचस्प कहानी और धमाकेदार एक्शन के साथ, शिवम भजे दर्शकों के लिए एक बेहतरीन फ़िल्म साबित होगी।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# इन फलों के खाने के बाद ना पीएं पानी!



आपने यह तो जरूर सुना होगा कि जल ही जीवन है। जी हां, पानी के बिना जीवन संभव नहीं हैइसी तरह फलों का सेवन भी इंसान के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता हैहालांकि, क्या आपको पता है कि इन दोनों को लेकर एक छोटी सी गलती आपको नुकसान पहुंचा सकती है। जी हां, कुछ फल खाने के बाद पानी पीने पर पाचन तंत्र खराब हो सकता हैआइए ऐसे ही कुछ फलों के बारे में जानते हैं।

केला

केला सबसे ज्यादा खाए जाने वाले फलों में से एक है और अक्सर हम केला खाने के बाद पानी पी लेते हैंहालांकि, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए, खास तौर पर केला खाने के बाद आपको ठंडा पानी तो बिल्कुल नहीं पीना चाहिएपानी के कारण पाचन तंत्र के लिए केले को पचाना कठिन हो जाता है, जिससे गैस और सूजन जैसी पाचन समस्याएं पैदा हो जाती हैंइससे बचने के लिए केला खाने के 15-20 मिनट बाद पानी पीएं।

पपीता

पपीता वैसे तो पाचन तंत्र के लिए अच्छा होता है और इसके सेवन से आंत के स्वास्थ्य में सुधार होता हैहालांकि, अगर पपीता खाने के तुरंत बाद पानी पी लें तो आपको फायदे की बजाय इससे नुकसान हो सकता हैइससे पाचन खराब हो सकता है और आपको दस्त आदि की समस्या हो सकती हैऐसा करने पर पेट की अंदरूनी परत को भी नुकसान पहुंच सकता है, जिससे आपको मतली और बेचैनी महसूस हो सकती है।

अमरूद

अमरूद खाने के तुरंत बाद तो बिल्कुल भी पानी नहीं पीना चाहिए और यह बात हमें घर पर बताई भी जाती हैदरअसल, अमरूद खाने के बाद पानी पीने से पाचन तंत्र का पीएच स्तर बिगड़ जाता है और एसिड बढ़ जाता है। इससे एसिडिटी की समस्या हो जाती हैअगर आप इससे बचना चाहते हैं तो अमरूद के सेवन के 35 से 40 मिनट बाद ही पानी पीएं।



तरबूज

तरबूज खाने के बाद भी पानी नहीं पीना चाहिए। तरबूज में पहले से ही पानी की भरपूर मात्रा होती है, ऐसे में आप इसके बाद पानी पीते हैं तो पेट में सूजन या भारीपन हो सकता हैइसके अलावा तरबूज में शुगर और फाइबर भी होते हैं और इसके सेवन के बाद आप पानी पीते हैं तो बैक्टीरिया सीधे पेट में पहुंच जाते हैं, जिसके कारण पाचन संबंधित समस्याएं हो सकती हैं।

खरबूजा

तरबूज की तरह खरबूजा खाने के बाद भी पानी नहीं पीना चाहिए। अगर आप खरबूजा खाने के बाद पानी पीते हैं तो इससे पाचन प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिसके कारण कई गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं हो सकती हैंइसके अलावा खरबूजा में प्राकृतिक शुगर यानि फ्रक्टोज भी पाया जाता है, जो पानी के जरिए सीधे पेट में पहुंच कर पाचन को खराब कर देता हैइन समस्याओं से बचने के लिए खरबूजा खाने के तुरंत बाद पानी ना पीएं।

इन फलों के बाद भी न करें पानी का सेवन

खीरा, ककड़ी और अंगूर के बाद भी आपको पानी बिल्कुल नहीं पीना चाहिए। अंगूर, संतरा और मौसंबी जैसे खट्टे फल खाने के बाद भी पानी नहीं पीना चाहिए क्योंकि इससे पेट का पीएच स्तर बिगड़ जाता है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य - 68

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 67 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्री |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |



# फिल्म स्त्री 2 का नया पोस्टर आया सामने, राजकुमार राव समेत सभी कलाकारों की दिखी झलक

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉररकॉमेडी फिल्म स्त्री को दर्शकों का खूब प्यार मिला था।यह फिल्म साल 2०18 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब 6 साल बाद स्त्री की दूसरी किस्त दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार है। निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें राजकुमार से लेकर श्रद्धा समेत सभी कलाकारों की झलक दिखने को मिल रही है। श्रद्धा और राजकुमार के अलावा पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है।स्त्री 2 15 अगस्त, 2०24 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अक्षय कुमारतापसी पन्नू की फिल्म खेल खेल में और अल्लू अर्जुनरश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा- द रूल से होगा।इसके अलावा जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्त्री 2 2०24 की बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी फिल्मों में से एक है। फिल्म का टीजर पहले ही दर्शको को काफी पसंद आया है। ऐसे में अब लोगों को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का टीजर 25 जून को रिलीज किया था। राजकुमार राव ने टीजर साझा कर लिखा था, इस बार चंदेरी में आजादी के दिन होगा आतंक! लीजेंड इस स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को वापस आ रहे हैं। टीजर की शुरुआत राजकुमार राव और अन्य लोगों द्वारा स्त्री की मूर्ति पर दूध चढ़ाने से होती है। टीजर में स्त्री के रूप में श्रद्धा कपूर की झलक दिखाई देती है। साथ ही तमन्ना भाटिया भी नजर आती हैं। फिल्म स्त्री 2 का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। इसके निर्माता जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान हैं। फिल्म का पहला भाग साल 2०18 में रिलीज हुआ था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था। यह फिल्म हिट हुई थी।

# कमल हासन की इंडियन 2 को नहीं मिल रहे दर्शक

कमल हासन स्टारर इंडियन 2 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दिग्गज अभिनेता की ये फिल्म साल 2०24 की मोस्ट अवेटेड फिल्म थी और ये रिकॉर्ड संख्या में स्क्रीन पर रिलीज हुई थी। हलांकि मच अवेटेड सीक्वल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद पॉजिटिव रिव्यू नहीं मिला लेकिन फिल्म की पहले दिन के लिए धुआंधार एडवांस बुकिंग हुई थी जिसके चलते इंडियन 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग की लेकिन फिर इसके बाद फिल्म की कमाई का ग्राफ गिरता चला गया।

कमल हासन की इंडियन 2 को लेकर रिलीज से पहले काफी बज था। दरअसल ये फिल्म एक्टर की ब्लॉकबस्टर 1996 में आई इंडियन का सीक्वल है। ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट थी। वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद मेगाबजट फिल्म की शुरुआत तो अच्छी रही लेकिन दूसरे दिन से ये थिएटर्स में दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आ रही है और इसी के साथ इंडियन 2 उम्मीद के मुताबिक बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म नहीं कर पा रही है।

इंडियन 2 को दर्शकों से ठंडा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसकी एक वजह ये भी है कि इस फिल्म को प्रभास की ब्लॉकबस्टर कल्कि 2898 एडी से मुकाबला करना पड़ रहा है। कल्किन रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी लेटेस्ट इंडियन 2 से ज्यादा कारोबार कर रही है। ऐसे में इंडियन 2 के लिए कल्कि के आगे टिकना मुश्किल हो रहा है।वहीं कल्कि ने हिंदी बेल्ट में भी अच्छा परफॉर्म किया है और 25० करोड़ से ज्यादा का कारोबार कर लिया है। वहीं इंडियन 2 को हिंदी भाषी क्षेत्रो में दर्शकों से बेहद ठंडा रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि क्या इंडियन 2 बॉक्स ऑफिस पर घटती कमाई के साथ शतक लगा पाती है या नहीं।

शंकर द्वारा निर्देशित, इंडियन 2 में कमल हासन सेनापति की भूमिका में हैं। फिल्म में सिद्धार्थ, रकुल प्रीत सिंह, विवेक, बॉबी सिम्हा, प्रिया भवानी शंकर, नेदुमुदी वेणु और गुलशन ग्रोवर भी मुख्य भूमिका में हैं। अनिरुद्ध रविचंदर ने फिल्म का म्यूजिक दिया है।

# मोनालिसा ने पिंक आउटफिट में गिराई बिजली



भोजपुरी क्वीन मोनालिसा हमेशा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर नई सिजलिंग तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वे पिंक ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. तस्वीरों में मोनालिसा खुले बालों और लाइट मेकअप के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं. उनके साथ उनकी 2 फीमेल दोस्त भी नजर आ रही हैं. मोनालिसा का यह लुक उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपनी बोल्ड और स्टनिंग फोटोज शेयर कर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर लोगों के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है।

एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी इन फोटोज में अपना कर्वी फिगर जमकर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके स्टनिंग लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

इन तस्वीरों पर उनके फैंस ने जमकर लाइक्स और कमेंट किए हैं। कुछ फैंस ने उनके लुक की तारीफ की है तो वहीं कुछ ने उनके साथ वाली दो फीमेल दोस्त के बारे में भी पूछा है।

# रिवीलिंग लहंगे में राशि खन्ना ने शेयर किया हॉट लुक



साउथ और बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस राशि खन्ना हमेशा अपनी बोल्ड तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अंदाज थमने का नाम नहीं ले रहा है।

एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपनी एक्टिंग के दम पर लोगों के बीच अपनी अच्छी पहचान बनाई हैं।

वो भले ही ज्यादा फिल्मों ना दिखाई देती हों लेकिन आए दिन अपनी हॉट फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं।

इन तस्वीरों में उनका ब्यूटिफुल एंड एलिगेंट लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। साथ ही उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

राशि खन्ना ने बेहद ही सिंपल व्हाइट और गोल्डन प्रिंट कलर का लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं।

कानों में इयररिंग्स, गले में नेकलेस, बालों को अच्छे से स्टाइल कर के साथ ही मिनिमल मेकअप करवा के एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देती हैं। (आरएनएस)

# नेताओं में कमाल का सेवा भाव

अजीत द्विवेदी

नेताओं में कमाल का सेवा भाव होता है। वे जनता की, समाज की, देश की सेवा करने को ऐसे आतुर रहते हैं कि जनता भी हैरान परेशान रहती है। नेताओं को हर हाल में सेवा करनी होती है। जनता नहीं चाहे तब भी उनको सेवा करनी होती है। उम्र और सेहत साथ नहीं दे तब भी सेवा करनी होती है। पार्टी टिकट काट दे तो पार्टी बदल कर सेवा करनी होती है। अगर कोई भी पार्टी टिकट नहीं दे तब वे निर्दलीय चुनाव लड़ते हैं ताकि लोगों की और देश की सेवा कर सकें। यह राजनीति का सार्वभौमिक यानी यूनिवर्सल सत्य है। कुछ नेता इसके अपवाद होते हैं लेकिन अपवादों से तो नियम प्रमाणित होता है। सो, नियम यह है कि हर हाल में सेवा करनी है। देश का विकास करना है।

देश को महान बनाना है। देश का गौरव वापस लौटाना है। यह सेवा भाव सचमुच अद्भुत है। नरेंद्र मोदी से लेकर नीतीश कुमार और जो बाइडेन से लेकर डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन से बेंजामिन नेतन्याहू तक में यह सेवा भाव कूट कूट कर भरा है। सबको अपने देश की या राज्य की सेवा करनी है। सबको लगता है कि अगर वह नहीं रहा तो देश का क्या होगा? नागरिकों को कौन बचाएगा? कौन उनको रोजी रोटी देगा? सबने भगवान कृष्ण की तरह अपनी कानी उंगली पर गोवर्धन उठा रखा है। सब टिटहरी की तरह उलटे लटके हैं और सबको लग रहा है कि उन्होंने आसमान को थाम रखा है, अगर हटे तो आसमान गिर पड़ेगा।

असल में यह सेवा भाव नहीं है, बल्कि सत्ता की लालसा है, जो छूटती नहीं है। बहुत कम नेता ऐसे हुए, जिन्होंने सत्ता की लालसा त्याग दी। जिन्होंने कबीर की तरह ज्यों की त्यों चदरिया धर दी। ज्यादातर ने चादर ऐसे ओढ़े रखी कि वे तो छोडऩा चाह रहे हैं लेकिन चादर उन्हें नहीं छोड़ रहा है। यह धूर्तता और हिप्पोक्रेसी आज के समय में राजनीति की पहचान बन गई है। अभी अमेरिका में आम चुनाव होने वाले हैं। पिछली बार चुनाव हारने और पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े करने वाले डोनाल्ड ट्रम्प फिर से चुनाव लडऩे पहुंच गए हैं। क्योंकि उनको अमेरिका की सेवा करनी है और अमेरिका को फिर से महान बनाना है। उनको लग रहा है कि अगर उन्होंने नहीं किया तो अपनी महानता खो चुका अमेरिका फिर से महान नहीं हो पाएगा।

इसलिए 78 साल की उम्र में वे चुनाव लडऩे उतर गए हैं। उनके ऊपर जानलेवा हमला हुआ है लेकिन गोली खाने के बावजूद उनको देश की सेवा करनी है। इसी तरह पिछली बार अमेरिकी नागरिकों की समस्त संचित पुण्यता के दम पर जैसे तैसे चुनाव जीते जो बाइडेन 81 साल के हो गए हैं लेकिन उनको भी अभी अमेरिका की सेवा करनी है। उनकी सेहत खराब है। वे भूलने लगे हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर वे उलजुलूल हरकतें कर रहे हैं। लेकिन उनको भी लग रहा है कि उनके सिवा ट्रम्प को कोई हरा नहीं सकता है। उनकी पार्टी के 5० फीसदी से ज्यादा लोग चाहते हैं कि वे राष्ट्रपति की उम्मीदवारी छोड़ दें। उनका खुल कर समर्थन करने वाली अमेरिका की हॉलीवुड के अनेक कलाकार उनसे अपील कर रहे हैं लेकिन वे कह रहे हैं कि भगवान आकर कहें तभी वे चुनाव मैदान से हटेंगे।

उधर रूस में व्लादिमीर पुतिन अपने देश का महान गौरव वापस लौटा लाने के लिए राष्ट्रपति की कुर्सी पर बैठे हैं। वे पिछले 2० साल से ज्यादा समय से देश की सत्ता पर काबिज हैं। वे पहले राष्ट्रपति बने। जब अधिकतम दो बार राष्ट्रपति रहने की सीमा पूरी हो गई तो वे प्रधानमंत्री बन गए और अपने करीबी मेदवेदेव को राष्ट्रपति बना दिया। एक बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वे फिर से राष्ट्रपति बन गए। इस बार उनको लगा कि रूस की जनता की सेवा करने और रूस की महानता बहाल करने के लिए अनंतकाल तक राष्ट्रपति बने रहना होगा इसलिए उन्होंने संविधान बदल कर दो बार ही राष्ट्रपति रहने के प्रावधान को ही खत्म कर दिया। अब रूस के लोग अनंतकाल तक उनकी सेवा का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने रूस को महान बनाने के लिए यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है, जिसमें दोनों तरफ से हजारों लोगों की जान जा चुकी है और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं लेकिन अभी तक रूस की महानता बहाल नहीं हुई है। हां, यह जरूर हुआ है कि रूस को महान बनाते बनाते पुतिन लाखों करोड़ रुपए की संपत्ति के स्वामी हो गए हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जनता और देश की सेवा करने की नेताओं की भावना के प्रतिनिधि व्यक्ति हैं। इजराइल की जनता उनको बार बार चुनाव हरा रही है लेकिन हर हार के बाद वे किसी न किसी गठजोड़ से प्रधानमंत्री बन जा रहे हैं। क्योंकि उनको पता है कि उनके अलावा दूसरा कोई न तो इजराइल के करीब एक करोड़ नागरिकों की सेवा कर सकता है और न उसकी महानता बचाए रख सकता है। इजराइल की महानता की स्थिति यह है कि उसकी खुफिया एजेंसी मोसाद की पोल खुल चुकी है। हमास ने उसके ऊपर इतना बड़ा हमला किया और उसे कुछ पता नहीं चला। न तो खुफिया एजेंसी हमले का पता लगा सकी और न आइरन डोम हमले को रोक सका। हमला होने के 1० महीने बाद भी इजराइल से अगवा हुए दो सौ नागरिकों का पता मोसाद को नहीं लगा है। लेकिन इतिहास की सबसे बर्बर लड़ाइयों में से एक लड़ाई जारी है। गाजा और राफा में हजारों बेगुनाग लोग मारे जा चुके हैं और इजराइल की महानता पर ऐसा कलंक लगा है, जिसे वक्त भी नहीं मिटा सकता है।

दुनिया के सबसे उदार, सहिष्णु और लोकतंत्र का सम्मान करने वाले फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का राजनीतिक प्रयोग विफल हो गया है। उन्होंने यूरोपीय संसद के चुनाव में दक्षिणपंथी ताकतों की जीत के बाद एक जुआ खेला था और समय से पहले फ्रांस के संसदीय चुनाव की घोषणा कर दी थी। इन चुनावों में उनका गठबंधन बुरी तरह से हारा। पहले चरण के मतदान म पिछडऩे के बाद धुर वामपंथी पार्टियों के साथ गठबंधन करने के बावजूद उनकी पार्टी दूसरे स्थान पर रही। लेकिन उन्होंने चुनाव के बीच में ही ऐलान कर दिया था अगर उनकी पार्टी और गठबंधन चुनाव हारते हैं तब भी वे राष्ट्रपति पद से इस्तीफा नहीं देंगे। क्योंकि उनको फ्रांस की सेवा करनी है और उसे धुर दक्षिणपंथी मरिन ल पेन से बचाना है। अगर वे नहीं रहेंगे तो फ्रांस नहीं बचेगा, इस सोच में उन्होंने वहां की जनता पर अहसान करते हुए पद से इस्तीफा नहीं दिया। इतना ही नहीं अपने बनाए प्रधानमंत्री का भी इस्तीफा नामंजूर कर दिया। अब दोनों मिल कर फ्रांस को बचाने का काम कर रहे हैं।

बांग्लादेश में शेख हसीना ने तो देश की सेवा करने के लिए समूचे विपक्ष को ही जेल में डाल दिया या देश निकाला दे दिया ताकि वे चुनाव जीतें और देश की सेवा करें। श्रीलंका में जनता ने क्रांति कर दी और राजपक्षे बंधुओं को परिवार के साथ भागना पड़ा फिर भी उनका देश सेवा का जज्बा खत्म नहीं हुआ। वे अब अपने सहयोगी रानिल विक्रमसिंघे के सहारे देश सेवा कर रहे हैं। पाकिस्तान में नवाज शरीफ देश सेवा के लिए लंदन से लौट कर आए लेकिन जब जनता ने मौका नहीं दिया तो प्रतिद्वंद्वी इमरान खान को जेल भेज कर और उनकी पार्टी को चुनाव लडऩे से रोक कर सेना की मदद से दस तरह की तिकड़म करके सरकार बनाई और अपने भाई शहबाज शरीफ को गद्दी पर बैठाया ताकि वे पाकिस्तान की सेवा कर सकें।

भारत का मामला भी अलग नहीं है। यहां तो नेता हमेशा देश सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। समूचे विपक्ष को सत्ता का लालची बता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधान सेवक के तौर पर पिछले 1० साल से देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी के अनेक नेताओं को 75 साल की उम्र सीमा की वजह से रिटायर करा दिया लेकिन खुद 74 साल की उम्र में अगले पांच साल के लिए जनादेश हासिल किया है। वे भी अनंतकाल तक देश की सेवा करने की भावना रखते हैं क्योंकि उनको पता है कि उनके अलावा दूसरा कोई 14० करोड़ लोगों की सेवा नहीं कर सकता है और न भारत की महानता वापस ला सकता है। वे 2०47 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने के साथ देश सेवा में जुटे हैं। भारत में नेताओं के अंदर नागरिकों की सेवा करने की भावना इतनी प्रबल है कि एक मुख्यमंत्री जेल में रह कर नागरिकों की सेवा कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के मामले में 21 मार्च से जेल में हैं लेकिन वे वहीं से दिल्ली की महान जनता की सेवा कर रहे हैं। इसी तरह एक दूसरे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस्तीफा देकर जेल गए और जमानत पर जेल से निकलते ही फिर से मुख्यमंत्री बन गए क्योंकि उनको लगा कि जिन चम्पाई सोरेन को वे मुख्यमंत्री बना कर गए थे वे झारखंड की जनता की सेवा ठीक से नहीं कर पा रहे थे। उधर बिहार में नीतीश कुमार का हाल अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन वाला हो गया है, वे बातें भूलने लगे हैं और सार्वजनिक मंचों पर उलजुलूल हरकतें करते हैं लेकिन उनको बिहार की जनता की सेवा करनी है। क्योंकि उनको लगता है कि बिहार में जो कुछ भी है वह उन्होंने ही किया है और अगर वे नहीं रहेंगे तो बिहार समाप्त हो जाएगा। नेताओं की यह सेवा भावना सनातन है और इसको सलाम करना चाहिए।

## सू- दोकू क्र.68

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.67 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# रेल की यात्रा डरावनी

पिछले दिनों हुए रेल हादसों ने देशभर में यात्रियों के लिए चिंता पैदा की है। उत्तर प्रदेश के गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की 15 बोगियां बेपटरी हो जाने की घटना में वैसे तो 3 यात्रियों की जान गई, मगर इसने रेलवे की व्यवस्था में व्याप्त कमियों और लापरवाहियों को जरूर जिंदा कर दिया है।

हालांकि, हादसा मानवीय भूल की वजह से हुआ है या इसके पीछे कोई साजिश है-जैसा कि इंजन के ड्राइवर ने कहा कि हादसे के पहले जोर का विस्फोट हुआ था-यह तो जांच के बाद ही मालूम चल पाएगी, किंतु हाल के वर्षों में रेल की यात्रा थोड़ी डरावनी जरूर हो गई है।

इससे पहले पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमें 9 यात्रियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था और 4० से ज्यादा लोग जख्मी हो गए थे। देश में पहले भी रेल हादसे हुए हैं और कइयों की जान गई है, मगर हाल के वर्षों में दुर्घटना का स्वरूप बदल गया है।

निस्संदेह मोदी सरकार के 1० वर्षों के दौरान रेलवे ने तरक्की की नई इबारत लिखी है, किंतु कई मामलों में अब भी रेल महकमे में सुधार की जरूरत है। खासकर संरक्षा और सुरक्षा के मसले पर सरकार को ज्यादा गंभीर और संवेदनशील होना पड़ेगा। स्वचालित सिगनलिंग प्रणाली भी सवालों के घेरे में है। इसके अलावा पायलट और लोको पायलटों को मिलने वाली सुविधा अपर्याप्त है। उन्हें आराम नहीं मिल पाता है और इंजन में भी उनके लिए सामान्य सुविधा तक की कमी दिखती है।

इसी तरह संचालन प्रबंधन में कई तरह की खामियां और कमी के अलावा महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरणों की कमी और कवच प्रणाली को लागू नहीं करने के फैसले से मुंह नहीं चुराया जा सकता है। वैसे भी जब ऐसे हादसे होते हैं तो इसका खामियाजा यात्रियों की जान जाने के अलावा रेलवे की संपत्ति को हुए नुकसान से भी जोडक़र देखने की जरूरत है।

सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय रेल में संरक्षा श्रेणी के स्वीकृत कुल करीब 1० लाख पदों में से डेढ़ लाख से अधिक पद खाली हैं। हालांकि रेलवे ने पिछले 1० वर्षों में इस मामले में महत्त्वपूर्ण निवेश करने के साथ कई संरचनात्मक और प्रणालीगत सुधार भी किए हैं, जिनका सुरक्षित परिचालन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके बावजूद अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है।

(आरएनएस)




ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में सम्मानित किए गए प्रसिद्ध लोक गायक, गीतकार नरेंद्र सिंह नेगी।

# फौजी के घर हुई लाखों के जेवरात चोरी का खुलासा, चार गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। फौजी के घर हुए लाखों के जेवरात चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से चुराये गये सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किये गये है। गिरफ्तार आरोपी सपेरा गैंग के सदस्य बताये जा रहे है।

जानकारी के अनुसार बीती 17 जुलाई को ग्राम टिहरी डोब नगर पथरी निवासी फौजी अजय थलवाल पुत्र स्वर्गीय वीर सिंह थलवाल द्वारा थाना पथरी में शिकायती देकर बताया कि अज्ञात लोगों ने उनके घर में रखे सोने चांदी के लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर लिए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। थाने से कुछ दूरी पर ही फौजी के घर चोरी होने के प्रकरण को गंभीरतापूर्वक पुलिस ने जांच शुरू कर दी। जांच में जुटी पुलिस टीम ने बीती शाम एक सूचना के आधार पर पहाड़ी बस्ती रेलवे ट्रैक से चार संदिग्धो को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में चारों ने उक्त घटना कारित करना कबूल किया जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में चोरी किये गये लाखों रूपये के जेवरात बरामद कर लिये है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम रोहतास नाथ उर्फ वासु उर्फ बोबा पुत्र सुमेंद्र नाथ, ललित नाथ उर्फ टिपरी पुत्र अशोक नाथ, अभिषेक नाथ पुत्र सेवक नाथ व अक्षय नाथ पुत्र सेवक नाथ निवासी सपेरा बस्ती घोसीपुरा थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## रिलायंस ज्वैलरी शौरूम में 20 करोड... ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

चकराता रोड पर पुलिस को बदमाशों द्वारा छोडी गयी मोटरसाईकिलें भी लावारिस हालत में पडी मिल गयी। पुलिस अधिकारियों ने काफी मशक्कत के बाद इस घटना में शामिल पांचों लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया था। लेकिन पुलिस पांचों पकडे गये लोगों से लूट के जेवरात बरामद नहीं कर सकी थी।

अब इस मामले में पुलिस की कहानी को सही माने तो पकडे गये सभी पांचों बदमाश एक दूसरे को जानते तक नही थे तथा इस पूरी घटना का मास्टर माइंड बिहार की जेल में बैठा है तथा उसी ने वहीं जेल में बैठकर इस घटना की रूपरेखा तैयार की तथा इस घटना को अंजाम देने वालों को भी जेल में रहते हुए तैयार किया और घटना को अंजाम तक पहुंचाया। डकैती की इस घटना के बाद इन पांचों से विकासनगर के पास एक व्यक्ति जेवरातों से भरा थैला लेकर चला गया था। जिसको यह पांचों नहीं पहचानते हैं। अगर इस फिल्मी कहानी को सही माना जाये तो फिर तो पुलिस जेवरातों को कभी भी बरामद नहीं कर पायेगी। क्योंकि पुलिस की फिल्मी कहानी में मास्टर माइंड जेल में बंद है और घटना को अंजाम देने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन जेवरात लेकर जाने वाले को कोई जानता नहीं और जिस अनजान व्यक्ति को बीस करोड के जेवरात सौंप दिये गये। यह बात हजम होती नहीं प्रतीत होती। लेकिन अब चाहे जो भी हो लेकिन दून पुलिस के लिए रिलांयस ज्वैलरी शौरूम डकैती एक चुनौती बन रखी है। पुलिस अधिकारी पांच लोगों की गिरफ्तारी के बाद चाहे अपनी पीठ थपथपाते रहें लेकिन जब तक जेवरात बरामद नहीं होते तब तक खुलाया शून्य ही माना जायेगा।

# जैविक उत्पादों को एनसीओएल द्वारा जल्द क्रय किया जायेगाः जोशी

संवाददाता

नई दिल्ली। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश के किसानो के जैविक उत्पादो को एनसीओएल द्वारा क्रय प्रारम्भ किया जाएगा।



आज यहां प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। कृषि मंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को बाबा केदारनाथ की प्रतिकृति और रेशम किसानों द्वारा निर्मित शॉल भेंट किया। संसद भवन में हुई मुलाकात के बाद प्रेस को जारी बयान में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि प्रदेश में उत्पादित होने वाले पीजीएस प्रमाणित उत्पादो विशेष रुप से बासमती चावल, चौलाई, मिलेटस, दाले आदि को भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अधीन स्थापित नेशनल कोआपरेटिव आर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) द्वारा क्रय करने की रुचि दिखाई गई। जिसके फलस्वरुप उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद तथा नेशनल कोआपरेटेटिव आर्गेनिकस लिमिटेड के मध्य बैठक की गई। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रक्रिया को मूल रुप प्रदान करने के लिए दोनो संस्थाओ के मध्य एक औपचारिक अनुबंध भी किया जाना प्रस्तावित है, जिसके उपरान्त प्रदेश के किसानो के जैविक उत्पादो को एनसीओएल द्वारा क्रय प्रारम्भ किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प जो किसानों की आय बढ़ाने तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में किसानो के जैविक उत्पादो को सुनिश्चित बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गृह मंत्रालय द्वारा राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत वाईब्रेट वीलेज कार्यक्रम के तहत निर्गत की गई धनराशि के लिए गृह मंत्री का आभार भी व्यक्त किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय के अधीन स्थापित नेशनल कोआपरेटिव आर्गेनिक लिमिटेड के माध्यम से उत्तराखण्ड के आर्गेनिक उत्पादों को खरीदने के लिए सहमति दी।

## घर से नगदी व जेवरात चोरी में पडोसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। घर से नगदी व जेवरात चोरी होने पर पडोसी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभावाला निवासी गुलाम हुसैन ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह व उसका परिवार पशुओं के साथ में चानचक में गये और इसी बीच उसके घर से उसका पडोसी कुर्बान पुत्र स्व. हसन ने एक सोने की लौंग व 4 चांदी की अंगूठी व दो चांदी के कंगन व एक गल्ले का हार चांदी का 6 घडी आदि सामान व 70 हजार रूपये नगदी चोरी किया है जिसको चोरी करते हुए उसके बेटे समीर ने देखा है जिसको समीर के द्वारा काफी रोका गया मगर कुर्बान नही रूका। कुर्बान नशे का आदि है जिसका काम ही लोगों के घरों में चोरी करना है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।


# भारी बारिश के चलते प्राचीन बरगद कर पेड गिरा

संवाददाता

देहरादून। भारी बारिश के चलते प्राचीन बरगद का पेड भरभरा के गिर गया। जिससे मंन्दिर की दिवार भी क्षतिग्रस्त हो गयी लेकिन किसी अन्य प्रकार का नुकसान नहीं हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात्रि से चल रही भारी बारिश के चलते रेंजर्स ग्राउंड में स्थित प्राचीन काली मंदिर के पीछे की दीवार से लगे प्राचीन बरगद का पेड भरभरा कर गिर गया। जिससे वहां पर लोगों का हुजुम जमा हो गया। पेड के गिरने से मंदिर के पीछे की दीवार भी गिर गयी तथा मंदिर की दीवारों में दरारें आ गयी। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम से किसी प्रकार की जान हानि नहीं हुई जिससे सबने राहत की सांस ली।





# क्लीन एण्ड ग्रीन इनवायरमेंट सोसाइटी ने चलाया वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। क्लीन एण्ड ग्रीन इनवायरमेंट सोसाइटी द्वारा प्रेमनगर के राजकीय चिकित्सालय तथा विंग नंबर 1 के ग्राउंड में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पिलखन, आंवला, बरगद, रात की रानी, चंपा, अर्जुन, अमलताश, चमेली, कनेर इत्यादि के 100 से अधिक वृक्षों का रोपण किया किया। इस अवसर पर सरकारी चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर शुक्ला तथा उनका समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।



समिति द्वारा इस मानसून सत्र में किया गया ये तीसरा वृहद वृक्षारोपण अभियान है। इस अवसर पर कैंट विधायक श्रीमती सविता कपूर द्वारा भी समिति के साथ मिलकर वृक्ष लगाए गए, साथ ही उन्होंने समिति द्वारा पर्यावरण को बचाने तथा लगातार वृक्षारोपण किए जाने की सराहना की साथ ही कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने चिकित्सालय पहुंचकर समिति के साथ वृक्षारोपण किया और भविष्य में समिति को और अधिक देहरादून के पर्यावरण को बचाने की अपील की।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राम कपूर, अमरनाथ कुमार, अमित चौधरी, राजेश बाली, जेपी किमोठी, रणदीप अहलूवालिया, दिवाकर नैथानी, प्रवीण शर्मा, मनीष खत्री, विश्वास दत्त, हर्षवर्धन जमलोकी, दीपक वासुदेव, संध्या जमलोकी, गगन चावला, प्रकृति जमलोकी, संदीप मेंहदीरत्ता, गणेश, निधि वासुदेव, ज्योति चौधरी, नितिन कुमार, भूमिका दुबे, कौशल, अनुराग शर्मा, नमित चौधरी, कार्तिक बिरला तथा छोटे बच्चो में हृदय, रेयाँश, अदिति, अमुल्या, वंश, पार्थ, आरव शर्मा तथा राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉक्टर शुल्क, अपने समस्त स्टाफ के साथ तथा स्थानीय निवासियों में डॉक्टर साजन, संजय भाटिया, संजय खन्ना, राणाजी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# मुख्यमंत्री ने किया 'वो 17 दिन' पुस्तक का विमोचन



नई दिल्ली। स्थित उत्तराखण्ड सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'वो 17 दिन' पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक 'वो 17 दिन' सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा सुरंग को लेकर अपने अनुभव भी साझा किए और कहा कि 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से ही बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण हो पाया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान पुस्तक के लेखक राजीव रंजन सिंह को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सकारात्मकता और अनुभवों से भरी यह पुस्तक निश्चित ही पढ़ने योग्य है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष श्री श्याम जाजू, पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी और पुस्तक के लेखक श्री राजीव रंजन सिंह उपस्थित रहे।

# कालका-शिमला हाइवे पर पहाड़ से वाहन पर गिरे पत्थर, एक की मौत, तीन घायल

शिमला । हिमाचल प्रदेश में हाइवे पर भूस्खलन होने की वजह से एक यात्री की मौत हो गई जबकि तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। इस घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी की चोटी से गिर रहे पत्थरों ने एक वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे उसमें सवार शख्स की मौत हो गई। वहीं चालक और एक महिला सहित तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि देर रात करीब 2.30 बजे चार लोग अखबार लेकर एक एसयूवी से शिमला जा रहे थे, उसी दौरान दत्यार और चौकी मोड़ के पास अचानक पहाड़ियों से कई पत्थर वाहन के सामने आ गिरे, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने कहा कि इस क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही थी और इसे वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था, पुलिस ने कहा कि वाहन चालक राजमार्ग पर दूसरी लेन का उपयोग कर रहा था। मृतक देव राज (40) पंजाब का रहने वाला था।



# बरकरार रहेगी झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की जमानत

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन को बड़ी राहत देते हुए जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनको जमानत देने के झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों का ट्रायल कोर्ट पर प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई की अगुआई वाली पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि जमानत देने का उच्च न्यायालय का आदेश उचित व संतुलित प्रतीत होता है। जज ने तर्कसंगत फैसला सुनाया है। लिहाजा हम आदेश में दखल देने के इच्छुक नहीं हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत सोरेन को जमानत देने वाले झारखंड हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। ईडी ने अपनी याचिका में कहा था कि हाई कोर्ट का आदेश अवैध है और टिप्पणियां पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपनी याचिका में उल्लेख किया था कि झारखंड हाई कोर्ट ने यह कहकर गलती की है कि हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय का आदेश उचित और तर्कपूर्ण था। उच्च न्यायालय के फैसले में वैध कारण बताए गए हैं कि बयान विरोधाभासी क्यों हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, हम और अधिक निरीक्षण (झारखंड हाई कोर्ट के फैसले का) नहीं करना चाहते, यदि हम और अधिक निरीक्षण करेंगे, तो आप (ईडी) मुश्किल में पड़ सकते हैं।



# भारी मात्रा में कीड़ा जड़ी व लाखों की नगदी सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। कीड़ा जड़ी तस्करी मामले में बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस व वन विभाग की टीम संयुक्त द्वारा एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 1.63 किलो कीड़ा जड़ी व 3 लाख 93 हजार की नगदी बरामद की गयी है।



जानकारी के अनुसार बीती रात कोतवाली धारचुला पुलिस व वन भिाग को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई वन तस्कर भारी मात्रा में कीड़ा जड़ी तस्करी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व वन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया गया। इस दौरान संयुक्त टीम का गलाती चेक पोस्ट पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 63 ग्राम यारसा गंबू (कीड़ा जड़ी) व 3 लाख 93 हजार की नगदी बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम त्रिलोक सिंह पुत्र भीम सिंह, निवासी गलाती तोक नारीधार पोस्ट रमतोली थाना कोतवाली धारचूला जिला पिथौरागढ़ बताया। पुलिस ने उसे वन अधिनियम की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बरामद कीड़ा जड़ी की कीमत साढ़े नौ लाख रूपये बतायी जा रही है।

# कावंड़ मेले की आड़ में ला रहे थे स्मैक, बरेली के दो तस्कर गिरफ्तार





हमारे संवाददाता

हरिद्वार। कांवड़ मेले की आड़ में नशा तस्करी करने वाले बरेली के दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से 151.42 ग्राम स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना सिडकुल पुलिस को सूचना मिली कि कांवड़ मेंले की आड़ में कुछ नशा तस्कर बरेली से धर्मनगरी हरिद्वार में स्मैक तस्करी हेतु आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंद्रलोक तिराहा के पास बिना नम्बर की बाइक सवार दो संदिग्ध लोग आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 151.42 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम साहिब पुत्र छन्गा खान निवासी ग्राम गुल्डिया थाना मीरगंज जिला बरेली उत्तर प्रदेश व फईम वारसी पुत्र लईक खान निवासी कटघर थाना किला जिला बरेली उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने उन्हे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर उन्हे न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

# बाइक सवार कांवड़िये ने मारी सीओ को टक्कर

हरिद्वार (हसं)। बहादराबाद क्षेत्र में बाइक सवार कांवड़ियें ने सीओ ज्वालापुर को टक्कर मार दी है, जिससे वह घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए दून लाया गया है। घटना रविवार देर रात की बोंगला बाईपास तिराह की है। जहां कांवड़ मेले के दौरान पुलिस टीम के साथ ड्यूटी दे रहे सीओ ज्वालापुर शांतनु पराशर को हाईवे पर दिल्ली से हरिद्वार की तरफ आ रहे बाइक सवार कांवड़ यात्री ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कांवड़ियां तेजी से बाइक चला कर फरार हो गया। घायल होने पर आनन-फानन में एम्बुलेंस बुला कर सीओ को देहरादून के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस टक्कर मारने वाले कांवड़ियें के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुट चुकी है।



# अलग-अलग सड़क हादसों में कांवड़िए सहित पांच की मौत

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक कांवड़िए सहित पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों का पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी रखवा दिया है।

जानकारी के अनुसार पहली घटना सिविल लाइन कोतवाली रुड़की क्षेत्र के बेलड़ा स्थित राजमार्ग पर हुई, जहां एक बाईक पर सवार दो युवकों की टक्कर हरियाणा नंबर की कार से हो गई। हादसे में बाईक सवार युवकों में से विक्की पुत्र तेलूराम निवासी थाना झबरेड़ा ग्राम बेहडकी सैदाबाद घायल हो गया और 26 वर्षीय अमित पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम बेहड़की सैदाबाद की मौत हो गई। हादसे के बाद कार सवार कार छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल भेजा, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। कार और मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया।

वहीं दूसरा हादसा नगला इमरती बाईपास के समीप हुआ है यहां भी एक हरियाणा नंबर की बाईक से बाईक सवार युवकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में सागर पुत्र सुभाष अमृतसर 27 वर्ष निवासी गांधीनगर हरियाणा, विशाल पुत्र गोपाल निवासी ग्राम पिंजरा हरियाणा विजेंद्र पुत्र जयपाल निवासी ग्राम बेलड़ा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमरेश चौधरी पुत्र बलवंत को गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। मामले में सिविल लाइंस इंस्पेक्टर आरके सकलानी का कहना है कि दो अलग-अलग हादसों में एक कांवड़िए सहित पांच की मौत हुई है। तहरीर आने पर अग्रिम कारवाई की जाएगी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*